दिनांक: 18-10-2025

-प्रेस नोट-

# ***थाना सदर बाजार पुलिस व मिशन शक्ति टीम द्वारा बच्चा चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बच्चा चोर गिरोह के 06 अभियुक्त गिरफ्तार एवं 01 बाल अपचारी अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से 01 वर्षीय अपहृत बच्चा सकुशल बरामद***

***घटना का संक्षिप्त विवरणः-*** *दिनाँक 14.10.2025 को वादी श्री कृष पुत्र विनोद कुमार निवासी खलासी लाईन थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के पुत्र अनिकेत उम्र करीब 01 वर्ष का अपहरण कर लेने की सूचना के सम्बन्ध मे थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 569/25 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था।*

***पुलिस कार्यवाहीः-*** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तो की गिरफ्तारी व बच्चे की सकुशल बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये । आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 19.10.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर थाना सदर बाजार पुलिस व मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए छोटी रेलवे लाइन के पास खलासी लाइन रेलवे के खण्डर पडे रेलवे क्वार्टर से* ***अभियुक्तगण 1. गोपाल पुत्र मोल्हड निवासी जगैता गुर्जर थाना नकुड जिला सहारनपुर हाल निवासी सर्वोद्य बिहार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर 2, अंकुश पुत्र गोपाल निवासी जगैता गुर्जर थाना नकुड जिला सहारनपुर हाल निवासी सर्वोद्य बिहार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर 3. सलमान पुत्र सौकत निवासी मदीन मस्जिद के पास ग्राम मानकमऊ थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर 4. प्रीति पत्नि विजयपाल निवासी गली न0 03 माता गढ थाना मण्डी जिला सहारनपुर 5. दीपा पत्नि मनीष निवासी ग्राम भूलनी थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर हाल निवासी गली न0 02 सरदार कालोनी थाना मण्डी जिला सहारनपुर 6. नैना पत्नी मोनू कुमार निवासी मौहल्ला भगतो वाली गली झबरेडा थाना झबरेडा जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया गया एवं एक बालअपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उपरोक्त अभियुक्तगण से*** *मु0अ0सं0 569/25 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित अपहृत 01 वर्षीय बच्चे अनिकेत तथा घटना में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन व 1350/- रूपये की नकदी बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 139/143/61(2)/ 98/3(5) बीएनएस की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तो के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा है।*

***पूछताछ का विवरण-*** *अभियुक्तगण ने पूछताछ पर एक स्वर मे बताया गया कि दिनाँक 14.10.2025 की रात्री मे हम लोगो ने मोटा मुनाफा व त्यौहार मनाने के उद्वेशय से लगभग एक साल के बच्चे को फुटपाथ से चुराकर ले गये थे तथा उसके बाद उक्त बच्चे को नैना उपरोक्त को तीन लाख पच्चास हजार रूपये (3,50,000/-) हजार रूपये में बेचने का सौदा तय हुआ था तब आज हम लोग इस बच्चे को नैना को बेचने के लिये इकटठा हुए थे।*

***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –***

*1. गोपाल पुत्र मोल्हड निवासी जगैता गुर्जर थाना नकुड जिला सहारनपुर हाल निवासी सर्वोद्य बिहार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*

*2, अंकुश पुत्र गोपाल निवासी जगैता गुर्जर थाना नकुड जिला सहारनपुर हाल निवासी सर्वोद्य बिहार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*

*3. सलमान पुत्र सौकत निवासी मदीन मस्जिद के पास ग्राम मानकमऊ थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर*

*4. प्रीति पत्नि विजयपाल निवासी गली न0 03 माता गढ थाना मण्डी जिला सहारनपुर*
*5. दीपा पत्नि मनीष निवासी ग्राम भूलनी थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर हाल निवासी गली न0 02 सरदार कालोनी थाना मण्डी जिला सहारनपुर*
*6. नैना पत्नी मोनू कुमार निवासी मौहल्ला भगतो वाली गली झबरेडा थाना झबरेडा जिला हरिद्वार उत्तराखण्डा*

***बरामदगी***

- *अपहृत 01 वर्षीय बच्चा*
- *02 अदद मोबाइल फोन*
- *1560/- रूपये नकद*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -***
*1. प्रा0नि0 श्री कपिल देव थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
*2. उ0नि0 विपिन शर्मा थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
*3. उ0नि0 रविन्द्र सिंह थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
*4. उ0नि0 सुशील कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
*5. म0उ0नि0 चंचल कुमारी थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
*6. है0का0 67 कुलदेव थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
*7. है0का0 850 सचिन थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
*8. है0का0 504 विपिन कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
*9. का0 1460 अंकित कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
*10.म0है0का0 132 बबीता तोमर थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
*11.म0का0 175 ज्योति कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*

दिनांक 19.10.2025

-प्रेस नोट-

# सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## थाना नकुड़ पुलिस टीम ने 24 घण्टे के अन्दर हत्या के आरोपी 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

***घटना का विवरणः* -** अवगत कराना है कि दिनांक 17.10.2025 को वादिया यासमीन पत्नि हमीद निवासी ग्राम खेडा अफगान थाना नकुड जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण द्वारा गाडी में साईड लगने की बात को लेकर वादिया के पति को जान से मारने की धमकी देना व आगे चलकर वादिया के पति की गाडी को रास्ते में रोककर लाठी डन्डो से मारपीट करने, घायल हो जाने व उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 447/25 धारा 126(2)/103(1)/351(3) बीएनएस बनाम 1.मोहित पुत्र ओमकार 2.मनीष पुत्र राजू उर्फ राजपाल निवासीगण ग्राम चापरचिडी थाना नकुड जिला सहारनपुर व दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था।

***पुलिस कार्यवाहीः* -** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर शीघ्र अति शीघ्र अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिए गये थे । आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 18.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए हत्यारोपी 02 वांछित **अभियुक्तगण 1. मोहित पुत्र ओमकार निवासी निवासी ग्राम चापरचिडी थाना नकुड जनपद सहारनपुर** व **2. मनीष पुत्र राजपाल निवासी ग्राम चापरचिडी थाना नकुड जनपद सहारनपुर** को सहारनपुर-नकुड़ रोड़ रजवाहे की पटरी के किनारे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद लकड़ी की फट्टी व अभियुक्त मनीष के घर से क्रेटा गाड़ी UP 85 BJ 9099 रंग काला बरामद। अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ का विवरणः-** अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 17.10.2025 की शाम को मै (मोहित) अपने दोस्त मनीष की गाडी से खेडा अफगान में फंदपुरी की तरफ से जा रहे थे तो सामने से आ रही पिकअप को जब हमने बचाने का प्रयास किया तो हमारी गाडी पिकअप में पीछे से कट मारके बचाने का प्रयास किया तो हमारी गाडी पिकअप में पीछे से टच हो गयी, वैसे तो कट मारते समय हमारी ही गलती थी जिसपर पिकअप चालक ने हमसे भला बुरा कहा तो वहाँ काफी लोग आ गये, जिन्होने हमे वहाँ से बीच बचाव कराकर भेज दिया था लेकिन हमे पिकअप के ड्राईवर की बातो से काफी बेइज्जती महसूस हुई हमने उसे सबक सिखाने की ठान ली थी तथा जैसे ही पिकअप फन्दपुरी की तरफ चला तो हम थोडी देर बाद अपनी गाडी मोड़कर पिकअप का पीछा करते हुए फंदपुरी चौकी से करीब 500 मी0 पहले रोड पर पिकअप को रूकवाया और गाडी में रखी लकडी की फट्टी से पिकअप चालक पर वार कर दिया, पिकअप में बैठे दो अन्य व्यक्तियों ने बीच बचाव कराया। पिकअप चालक मौके पर बेहोश हो गया था, पिकअप में बैठे दोनो व्यक्तियों नें शोर मचाना शुरू कर दिया था, फिर हम दोनो वहां से भाग गये थे, उक्त मारपीट में हम दोनो ही थे अन्य कोई व्यक्ति हमारे साथ नही था। साहब हमे बाद में पता चला कि उस गाड़ी चालक की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. मोहित पुत्र ओमकार निवासी ग्राम चापरचिडी थाना नकुड जनपद सहारनपुर
2. मनीष पुत्र राजपाल निवासी ग्राम चापरचिडी थाना नकुड जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः**

- घटना में प्रयुक्त 01 लकड़ी की फट्टी
- 01 क्रेटा गाड़ी UP 85 BJ 9099 रंग काला

**अभियुक्त मनीष उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 297/25 धारा 109(1) बीएनएस थाना सरसावा जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।
2. व0उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार चीमा थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।
3. म0उ0नि0 अर्चना थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 693 वीर प्रताप तोमर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।
5. है0का0 713 नितिन कुमार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

दिनांक- 19.10.2025

-प्रेस नोट-

**"ऑपरेशन सवेरा"**

"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना चिलकाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 शातिर नशा तस्कर/ अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कुल 20.65 ग्राम अवैध स्मैक व 01 मोटरसाइकिल बरामद

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों /नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **"ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"** अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 18.10.2025 को थाना चिलकाना पुलिस टीम द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान **02 नशा तस्कर अभियुक्तगण 1. अबुजर पुत्र दिलशाद नि0 ग्राम रजापुर नौगावां थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर व 2. हर्ष पुत्र देवदत्त नि0 ग्राम रूहालकी थाना बेहट जनपद सहारनपुर** को ग्राम पटनी से कालू माजरा जाने वाले मार्ग पर स्थित टयूवैल के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से क्रमशः अबुजर के कब्जे से 12.65 ग्राम अवैध स्मैक व अभियुक्त हर्ष पुत्र देवदत्त के कब्जे से 08 ग्राम नाजायज स्मैक व एक मोटर साइकिल स्पलेन्डर रजि0 नं0 यूपी 11 एयू 0729 बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना चिलकाना पर मु0अ0स0 285/25 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त गण के विरुद्ध अन्य आवश्क विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता-**

1. अबुजर पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम रजापुर नौगावां थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
2. हर्ष पुत्र देवदत्त निवासी ग्राम रूहालकी थाना बेहट जनपद सहारनपुर

**बरामदगी -**

- 12.65 ग्राम अवैध स्मैक ( अभि0 अबुजर से बरामद)
- 08 ग्राम अवैध स्मैक ( अभि0 हर्ष से बरामद )

- 01 मोटर साइकिल  स्पलैण्डर  UP 11 AU 0729

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण-**

1. उ0नि0 श्री अंकित कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।
2. है0का0 1107 अरविन्द कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
3. है0का0 892 अजय राठी थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
4. का0 1059 अनुज राणा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर

दिनांक- 19.10.2025

-प्रेस नोट-

**"ऑपरेशन सवेरा"**

**"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

**थाना गंगोह पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कुल 35 ग्राम अवैध स्मैक (कीमत करीब 3.50 लाख रूपये) बरामद**

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी / बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में "ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर" अभियान चलाया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान "**आपरेशन सवेरा**" के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक पीयूष दीक्षित के कुशल नेतृत्व में थाना गंगोह पुलिस द्वारा दिनांक 19/10/2025 को गस्त के दौरान 02 शातिर नशा तस्कर अभियुक्तगण **1.सालिम उर्फ काला पुत्र लियाकत निवासी ग्राम बुढनपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर 2.राजा पुत्र भूरा निवासी मौ0 गुलाम औलिया कस्बा व थाना गंगोह जनपद सहारनपुर** को पशु पैठ वाले बिजलीघर के पास कस्बा गंगोह से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सालिम उर्फ काला के कब्जे से **कुल 20 ग्राम अवैध स्मैक** व अभियुक्त राजा के कब्जे से **कुल 15 ग्राम अवैध स्मैक** बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गंगोह पर मु0अ0सं0 471/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण इन्सार व जाबिर उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहे है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1. सालिम उर्फ काला पुत्र लियाकत नि0 ग्राम बुढनपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर
2. राजा पुत्र भूरा नि0 मौ0 गुलाम औलिया कस्बा व थाना गंगोह जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण-**

- 20 ग्राम अवैध स्मैक (अभियुक्त सालिम से बरामद)
- 15 ग्राम अवैध स्मैक (अभियुक्त राजा से बरामद)

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त राजा**

1. मु0अ0सं0 286/22 धारा 323/324/504/506 भादवि थाना गंगोह जिला सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 55/23 धारा 392/411 भादवि थाना गंगोह जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री अतुल कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
2. है0का0 258 अजीत मलिक थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
3. हे0का0 362 अमित पंवार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
4. का0 326 रिंकू कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
5. का0 126 सविन कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

दिनांक 19.10.2025

-प्रेस नोट-

# थाना नागल पुलिस द्वारा बाद पुलिस मुठभेड़ पशु चोरी के मुकदमें में वांछित एक घायल सहित कुल 03 अन्तर्जनपदीय पशु चोर गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर मय 02 जिन्दा/01 खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाईकिल बरामद

**अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती, गोकशी आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व घटनाओं में लिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन गस्त/चैकिंग की जा रही है।** इसी क्रम में दिनांक 18.10.2025 की रात्रि को थानाध्यक्ष नागल मय पुलिस टीम के हरिद्वार जाने वाले निर्माणाधीन हाईवे पर ग्राम पहाड़पुर तिराहे के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैंकिग की जा रही थी। तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि एक मोटरसाइकिल के साथ तीन संदिग्ध चोर/ व्यक्ति निर्माणीधीन हाईवे पर रेलवे पुल के नीचे खड़े हैं जो चोरी की घटना को अंजाम देने जा रहे हैं।इस सूचना पर थानाध्यक्ष नागल मय पुलिस टीम के मौके पर पहुँचे तो देखा की तीन संदिग्ध व्यक्ति निर्माणाधीन रेलवे पुल के नीचे मोटरसाइकिल के साथ खड़े हैं। जैसे ही पुलिस टीम संदिग्धों के निकट पहुँची तो संदिग्ध व्यक्तियों/बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर हाईवे के किनारे खेतो की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशो का पीछा किया गया।पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फाययिंग में 01 बदमाश के दाहिंने पैर में गोली लगने से घायलवस्था में गिरफ्तार किया गया एंव दो अन्य बदमाशो को पुलिस टीम द्वारा कॉम्बिंग के दौरान घेर घौटकर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान **मकबूल पुत्र बुखारी निवासी मौहल्ला बाजीग्राम थाना वेव सिटी जनपद गाजियाबाद** के रुप में हुई।दो अन्य गिरफ्तार बदमाश की पहचान **1. अहसान पुत्र सलीम निवासी मौहल्ला बाजीग्राम थाना वेव सिटी जनपद गाजियाबाद** व **2. मुंशी पुत्र सोनिया निवासी ग्राम मीरपुर थाना खुर्जा जनपद बुंलदशहर** के रुप में हुई। घायल बदमाश को ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार/घायल तीनो बदमाश थाना नागल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 267/25 धारा 305 (ए), 109(1), 317(2) बीएनएस एवं मु0अ0सं0 305(ए), 317(2) बीएनएस के मुकदमें में वांछित चल रहे थे । गिरफ्तार/घायल बदमाश मकबूल उपरोक्त के विरुद्ध जनपद हापुड़, ग्रेटर नोएडा व सहारनपुर पर गोकशी, चोरी, एन.डी.पी.एस. व आर्म्स एक्ट जैसे संगीन अपराधों में लगभग आधा दर्जन मुकदमें पंजीकृत है तथा गिरफ्तार बदमाश मुंशी के विरुद्ध जनपद हाथरस व सहारनपुर में चोरी के चार मुकदमें पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नागल पर मु0अ0सं0 327/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

**पुछताछ का विवरणः-** अभियुक्तो ने पूछताछ पर बताया कि हम पशु चोरी करते है हम लोगो ने दिनांक 01.10.2025 को ग्राम ताजपुर मे तथा दिनांक 06.10.2025 की रात्रि को ग्राम ताजपुर में पशु चोरी की थी जहाँ पर हम लोगो के पीछे गांव के लोग आ गये थे जिन पर हमने जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी थी और वहा से भाग गये थे । आज भी हम लोग पशु चोरी की फिराक में घूम रहे थे । रास्ते में पुलिस टीम को चैकिंग करते देख हम लोगो ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी । पुलिस ने हम लोगो को घेराबन्दी कर पकड़ लिया ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1. मकबूल पुत्र बुखारी निवासी मौहल्ला बाजीग्राम थाना वेव सिटी,गाजियाबाद।
2. अहसान पुत्र सलीम निवासी मौहल्ला बाजीग्राम थाना वेव सिटी,गाजियाबाद।
3. मुंशी पुत्र सोनिया निवासी ग्राम मीरपुर थाना खुर्जा बुंलदशहर

**बरामदगी का विवरणः-**

- 01 स्पलेण्डर मोटरसाइकि (UP 15 EM 6314) (घटना में प्रयुक्त)
- 01 तमंचा .315 बोर मय 02 जिन्दा/01 खोखा कारतूस .315 बोर

**अभियुक्त मकबूल उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 192/1021 धारा 3/5/8 गौवध क्रुरता अधिनियम थाना धौलाना जिला हापुंड
2. मु0अ0स0 430/21 धारा 25/4 आर्मस एक्ट धाना थाना धौलाना जिला हापुड
3. मु0अ0स0 230/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना दादरी जिला ग्रेटर नोएडा
4. मु0अ0स0 267/25 धारा 305(a)/ 109(1)/317(2) बीएनएस थाना नागल जिला सहारनपुर
5. मु0अ0स0 269/25 धारा 305(a) बीएनएस थाना नागल जिला सहारनपुर

**अभियुक्त अहसान उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 267/25 धारा 305(a)/ 109(1)/317(2) बीएनएस थाना नागल जिला सहारनपुर
2. मु0अ0स0 269/25 धारा 305(a) बीएनएस थाना नागल जिला सहारनपुर

**अभियुक्त मुंशी उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 267/25 धारा 305(a)/ 109(1)/317(2) बीएनएस थाना नागल जिला सहारनपुर
2. मु0अ0स0 269/25 धारा 305(a) बीएनएस थाना नागल जिला सहारनपुर
3. मु0अ0स0 504/14 धारा 379 भादवि थाना हाथरस गेट जिला हाथरस
4. मु0अ0स0 70/15 धारा 382/411 भादवि थाना चन्द्रपा जिला हाथरस

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-**

1. थानाध्यक्ष श्री राजकुमार चौहान थाना नागल जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री आनन्द कुमार थाना नागल जनपद सहारनपुर
3. उ0नि0 श्री नवीन जंयत थाना नागल जनपद सहारनपुर
4. है0का0 916 रणजीत सिहं थाना नागल जनपद सहारनपुर
5. है0का0 1006 तरुण त्यागी थाना नागल जनपद सहारनपुर
6. का0 2043 सद्दाम हुसैन थाना नागल जनपद सहारनपुर
7. का0 159 रवि कुमार थाना नागल जनपद सहारनपुर

दिनांक 19.10.2025

-प्रेस नोट-

_*□ मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह थाना फतेहपुर की एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम संभालकी गुर्जर उर्फ बालेली में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु एक चौपाल का आयोजन किया गया।*_

□♀□ मिशन शक्ति टीम में शामिल —महिला उप निरीक्षक मिथलेश राठौर महिला हेड कांस्टेबल नीरज महिला कांस्टेबल प्रीति होमगार्ड सुमित

□ चौपाल के दौरान टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया।

_*मिशन शक्ति पुलिस टीम ने मिशन शक्ति अभियान के तहत*_
□ “डिजिटल एरेस्टिंग” की झूठी अफवाहों से सतर्क रहने,
□ सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित सरकारी योजनाओं,
□ बच्चों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं,
□ तथा साइबर फ्रॉड और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

□ बालिकाओं को अपने अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के विषय में भी जागरूक किया गया ताकि वे समाज में आत्मविश्वास के साथ सशक्त भूमिका निभा सकें।

_*□ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*_

☎□ 1090 – वूमेन पावर लाइन

☎□ 1930 – साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन

□ 108 – एंबुलेंस सेवा

□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

_*□ साथ ही मिशन शक्ति केंद्र के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ताकि महिलाएं और बालिकाएं अपने अधिकारों और सुरक्षा संसाधनों से भलीभांति परिचित हो सकें।*_

-प्रेस नोट-

दिनांक 19.10.2025

_*□ मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह □*_

_*➡□थाना फतेहपुर की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत त्योहारों के दृष्टिगत बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया गया।*_

_*□♀□ मिशन शक्ति एण्टीरोमियो पुलिस टीम में शामिल —*_ मिशन शक्ति प्रभारी / उप निरीक्षक मिथलेश राठौर महिला हेड कांस्टेबल नीरज महिला कांस्टेबल प्रीति होमगार्ड सुमित

□ मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के विभिन्न बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थलों पर जाकर महिलाओं, बालिकाओं व पुरूषों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल फ्रॉड, फ्रॉड कॉल्स, अनावश्यक मैसेज, एवं डिजिटल एरेस्टिंग जैसी झूठी अफवाहों के प्रति जागरूक किया गया।

□ इसके साथ ही उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —

□ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:

☎□ 1090 – वूमेन पावर लाइन

*☎ 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन*

*☎ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन*

*☎ 1930 – साइबर अपराध रिपोर्टिंग*

*□ 108 – एंबुलेंस सेवा*

*□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा*

*□ मिशन शक्ति पुलिस टीम ने मौके पर उपस्थित नागरिकों से उनकी समस्याएं सुनीं एवं उन्हें समाधान हेतु जागरूक किया।*

_*□ चेक किए गए प्रमुख स्थान:*_

*रूड़की तिराहा*

*ज्योति किरण तिराहा*

*कलसिया तिराहा*

*पंजाबी मार्केट*

*तिरंगा चौक*

*छुटमलपुर सब्जी मंडी*

*सर्राफा बाजार, छुटमलपुर*

दिनांक 19.10.2025

-प्रेस नोट-

*दीपावली की खुशियाँ – हर चेहरे पर मुस्कान*
*मिशन शक्ति टीम ने झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों संग मनाई दिवाली*

*➡️थाना देवबंद की महिला उप निरीक्षक सुधा त्यागी मय मिशन शक्ति टीम द्वारा एक सराहनीय व मानवीय पहल करते हुए दिवाली के पावन अवसर पर उन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाई, जिनके पास दीपावली मनाने के लिए मोमबत्ती खरीदने तक के भी साधन नहीं थे।*

*➡️मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर गरीब व जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को दीपावली के उपहार स्वरूप मिठाई और मोमबत्तियाँ वितरित कीं। इस पहल से उन बच्चों को दीपावली का अहसास हुआ, जो अब तक इसे केवल दूसरों के घरों में मनते देखते थे।*

*➡️"पुलिस केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज की साथी है। इन बच्चों की मुस्कान ही हमारे त्यौहार की असली रौशनी है।"*

*➡️इस अभियान का उद्देश्य न केवल दीपावली की खुशियाँ बाँटना था, बल्कि समाज में पुलिस के प्रति विश्वास, स्नेह और मानवीय संवेदनाओं को भी प्रबल करना है।*

*➡️इस अवसर पर मिशन शक्ति टीम के अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर बच्चों के साथ त्योहार की खुशियाँ साझा कीं।*

दिनांक 19.10.2025

-प्रेस नोट-

_*□ मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह*_- _*थाना गागलहेड़ी की मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम द्वारा कस्बा गागलहेड़ी के मैन मार्केट में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु एक चौपाल / जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।*_

□♀□ अभियान में शामिल पुलिसकर्मी —म0 हे0 का0 रेणु यादव म0 का0 अल्पना भारती म0 का0 मनीषा चौहान म0 का0 श्रुति म0 का0 वर्षा म0 शशिबाला म0 ज्योति

□ मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत-
□ सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के महत्व,
□ डिजिटल एरेस्टिंग की झूठी अफवाहों से सावधान रहने,
□ सशक्तिकरण एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी,
□ तथा बच्चों के अधिकार व सुरक्षा कार्यक्रमों के बारे में बताया गया।

□ साथ ही साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से बचाव के उपायों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया।
टीम द्वारा बताया गया कि किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या संदेश पर भरोसा न करें और तुरंत रिपोर्ट करें।

□ *महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर साझा किए गए —*

☎□ *1090 – वूमेन पावर लाइन*

☎□ *1930 – साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन*

□ *108 – एंबुलेंस सेवा*

□ *112 – पुलिस आपातकालीन सेवा*

_*□ इसके अतिरिक्त नागरिकों को मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई*_

-प्रेस नोट-

दिनांक 19.10.2025

*महिला सुरक्षा और साइबर जागरूकता पर विशेष अभियान*
*एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं को किया गया जागरूक*

*➡️आज दिनांक 19 अक्टूबर 2025 को थाना रामपुर मनिहारान क्षेत्र में महिला आरक्षी गुंजन एवं पीआरडी सदस्य रेखा द्वारा गठित एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं व छात्राओं को महिला सुरक्षा, स्व-संरक्षण, तथा साइबर जागरूकता के प्रति सचेत किया।*

*➡️अभियान के दौरान टीम ने सार्वजनिक स्थानों तथा बाजार क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, साइबर हेल्पलाइन 1930, तथा महिला थाना व स्थानीय पुलिस से संपर्क के तरीकों की जानकारी दी।*

*➡️"किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, साइबर उत्पीड़न या असामाजिक व्यवहार को नजरअंदाज न करें — तुरंत पुलिस को सूचित करें। आपकी सुरक्षा, पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।"*
*पीआरडी सदस्य रेखा द्वारा भी महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ हर स्थिति का सामना करने और पुलिस सहयोग लेने की प्रेरणा दी गई।*
*इस अवसर पर टीम ने पम्पलेट, ब्रोशर एवं हेल्पलाइन नंबर वितरित कर महिलाओं को सजग रहने का संदेश दिया।*
*थाना रामपुर मनिहारान द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर जारी रहेंगे।*

दिनांक 19.10.2025

-प्रेस नोट-

_*□ मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह □*_

*➡□थाना जनकपुरी क्षेत्र में मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से एक जागरूकता अभियान संचालित किया गया।*

*□♀□मिशन शक्ति पुलिस टीम में शामिल —* हे0कां0 बबीता मान म0हे0कां0 विमलेश म0कां0 रूपा पंवार पीआरडी स्वाति

_*□ जागरूकता अभियान के स्थान:*_
तकिया जानकनगर, SBD चौराहा, देहरादून चौक, सपना पुल एवं बाजोरिया रोड (थाना जनकपुरी क्षेत्र)।

_*□ अभियान के दौरान मिशन शक्ति पुलिस टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत*_
□ सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के महत्व,
□ डिजिटल एरेस्टिंग जैसी झूठी अफवाहों से सतर्क रहने,
□ सशक्तिकरण एवं सरकारी योजनाओं,
□ तथा बच्चों के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

□ इसके साथ ही उपस्थित लोगों को साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए गए। मिशन शक्ति पुलिस टीम ने जागरूक किया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या संदेश पर भरोसा न करें एवं आवश्यकतानुसार तुरंत हेल्पलाइन पर सूचना दें।

_*□ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर साझा किए गए —*_

☎□ 1090 – वूमेन पावर लाइन

☎□ 1930 – साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन

□ 108 – एंबुलेंस सेवा

□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

□ इस दौरान पम्पलेट वितरित किए गए, महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी गईं तथा बाजोरिया रोड पर पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) की गई।

_*□ अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा की भावना, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा।*_

दिनांक 19.10.2025

-प्रेस नोट-

_*□ मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह □*_

*➡□थाना तीतरों मिशन शक्ति एण्टीरोमियों पुलिस टीम ने क्षेत्र में साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई।*

*□ अभियान स्थल:* कस्बा तीतरों का मेन मार्केट एवं बस अड्डा क्षेत्र, जहाँ टीम द्वारा आने-जाने वाली महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया।

□ अभियान के दौरान टीम ने महिलाओं को बताया —

□ साइबर फ्रॉड, साइबर क्राइम एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय,

□ मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से संबंधित जानकारी,

□ तथा सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

_*□ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:*_

☎□ 1930 – साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन,स ☎□ 1090 – वूमेन पावर लाइन, ☎□ 112 – पुलिस इमरजेंसी सेवा, ☎□ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन

_*□ थाना तीतरों पुलिस का यह प्रयास महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा जागरूकता, साइबर सतर्कता और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।*_

दिनांक 19.10.2025

-प्रेस नोट-

*➡️मिशन शक्ति फेज-5 एवं राष्ट्रीय साइबर क्राइम जागरूकता माह के अंतर्गत जागरूकता अभियान*

*➡️महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर जागरूकता को लेकर एंटी रोमियो व साइबर टीम द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया*

*➡️आज दिनांक 19/10/2025 को महिला थाना प्रभारी श्रीमती बबीता तोमर के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक अर्शिया कुरैशी द्वारा कॉन्स्टेबल वर्षा, रीता, कविता एवं कां. राहुल के साथ मिलकर एंटी रोमियो टीम एवं साइबर जागरूकता टीम के माध्यम से एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।*

*➡️अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बोमनजी रोड बाजार, एवं अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर ऑडियो संदेश प्रसारण और जन संवाद के माध्यम से महिलाओं को निम्न विषयों पर जागरूक किया गया:*

□ महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति फेज-5 के उद्देश्यों की जानकारी
□ सड़क सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन नंबरों एवं आपातकालीन सेवाओं की जानकारी
□ सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे – विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं

*□ बाल मजदूरी न कराने तथा बच्चों के अधिकारों को लेकर विशेष जानकारी*
*□ साइबर अपराध से सुरक्षा एवं राष्ट्रीय साइबर क्राइम जागरूकता माह के तहत सतर्कता के उपाय*

*टीम द्वारा महिलाओं को निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के विषय में अवगत कराया गया:*

☎□ *1090 – महिला पावर लाइन*

☎□ *1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन*

☎□ *1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन*

☎□ *1930 – साइबर क्राइम हेल्पलाइन*

☎□ *108 – एंबुलेंस सेवा*

☎□ *112 – पुलिस आपातकालीन सेवा*

*➡□इस अभियान के दौरान महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानी गई और मौके पर पंपलेट/हैंडबिल वितरित कर जागरूकता सामग्री दी गई।टीम ने महिलाओं को किसी भी संदिग्ध गतिविधि, छेड़छाड़, साइबर फ्रॉड या हिंसा की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया।*

दिनांक 19.10.2025

-प्रेस नोट-

*_□ मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह □_*

*➡□थाना नकुड़ की मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम द्वारा सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत ग्राम सांपला बेगमपुर, नकुड़ में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु एक चौपाल का आयोजन किया गया।*

□ चौपाल के दौरान टीम ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को
□ महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से संबंधित जानकारी दी,
□ सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं — जैसे विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं, तथा बाल मजदूरी न कराने और गुड टच-बैड टच के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

□ इसके साथ ही उपस्थित जनसमूह को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।
टीम ने समझाया कि डिजिटल एरेस्ट, साइबर फ्रॉड, फ्रॉड कॉल, अनचाहे लिंक एवं ऑनलाइन ठगी जैसी गतिविधियों से सतर्क रहें।

_*□ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*_

☎□ ***1090 – वूमेन पावर लाइन***

☎□ ***1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन***

☎□ ***1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन***

☎□ ***1930 – साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन***

□ ***108 – एंबुलेंस सेवा***

□ ***112 – पुलिस आपातकालीन सेवा***

दिनांक 19.10.2025

-प्रेस नोट-

*➡️मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिला एवं बालिका सशक्तिकरण हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं को साइबर सुरक्षा, सरकारी योजनाओं व नशा मुक्ति के प्रति किया गया जागरूक*

*➡️आज दिनांक 19 अक्टूबर 2025 को थाना कुतुब शेर क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम द्वारा महिला उप निरीक्षक श्रीमती श्वेता शर्मा, उप निरीक्षक सुमन, महिला आरक्षी ममता , रिंकी एवं महिला हेड कांस्टेबल कमलेश के साथ मिलकर मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत  लेबर कॉलोनी, बाजार शारदा नगर, मानक मऊ बस अड्डा एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया गया।*

*इस दौरान टीम द्वारा क्षेत्र में मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार, सुरक्षा, एवं संविधान द्वारा प्राप्त संरक्षण के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन तथा डिजिटल एरेस्टिंग जैसी झूठी अफवाहों से सतर्क रहने का संदेश भी दिया गया।*

*प्रमुख बिंदु:*

□ मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता पर केंद्रित संवाद

*□ साइबर फ्रॉड, साइबर क्राइम से बचाव के तरीके व डिजिटल सतर्कता*
*□ सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, जैसे:*

*सुमंगला योजना,*
*बाल संरक्षण योजनाएं,*
*नारी सशक्तिकरण अभियान*
*□ बच्चों के अधिकार, बाल मजदूरी निषेध व चाइल्ड प्रोटेक्शन पर जानकारी*
*□ "ऑपरेशन नशा मुक्ति" के तहत युवाओं को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया*

*टीम द्वारा महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जैसे:*

*☎□ 1090 – वूमेन पावर लाइन*

*☎□ 1930 – साइबर क्राइम हेल्पलाइन*

